# सराहनीय कार्य, जनपद फिरोजाबाद

## प्रैस नोट दिनांक 26-10-20

## जनपद बरेली के थाना इज्जतनगर में पंजीकृत हत्या के अभियोग का थाना नारखी व एसओजी फिरोजाबाद द्वारा जघन्य हत्याकाण्ड का किया गया सनसनीखेज खुलासा -

दिनांक 16.10.2020 को थाना इज्जतनगर जनपद बरेली में गुमशुदा अवेधश पुत्र बाबू सिहं मूल नि0 ग्राम भीतरी थाना नारखी जनपद फिरोजाबा हाल नि0 कर्मचारीनगर थाना इज्जतनगर जनपद बरेली में गुमशुदा की माता श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा गुमशुदगी पंजीकृत करायी गयी थी, जिसमें दिनांक 25.10.2020 को मु0अ0सं0 902/20 धारा 147/302/201 भादवि में तरमीम किया गया था।

दिनांक 25.10.2020 को थाना नारखी क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर शेर सिहं उर्फ चीकू पुत्र महीपाल सिहं नि0 नारखी धोकल थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद को थाना क्षेत्र में दिनांक 04/05.12.2019 की रात्रि में हुयी चोरी की घटना के सम्बन्ध में संदिग्ध होने के कारण हिरासत में लिया गया जिसके द्वारा बिजलीघर के पास थाना फरिहा रोड पर पायल ज्वैलर्स के यहाँ चोरी की घटना को अपने साथी रानू पण्डित, सुरेश उर्फ मक्खन व जौनी के साथ मिलकर घटना को स्वीकार किया गया व घटना में गये कुछ जेवरातों की बरामदगी भी करायी गयी व थाना क्षेत्र में घटी अन्य चोरी की घटनाओं के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो अन्य घटनाओं को कारित करने से मना किया गया लेकिन अभियुक्त शेर सिहं उर्फ चीकू द्वारा एक सनसनीखेज घटना के बारे में खुलासा करते हुए बताया गया कि मैंने एक घटना और की है, जब गहनता और विश्वास में लेकर पूछताछ की गयी तो बताया कि अनिल फौजी व उसकी लड़की विनीता नि0 खेरिया थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद द्वारा एक व्यक्ति अवधेश की हत्या करने हेतु 05 लाख रु0 की सुपारी दी थी, जिसमें से बतौर एडवान्स 70000/- रु0 मुझको दिये गये। अवधेश पुत्र बाबू सिहं मूल नि0 ग्राम भीतरी थाना नारखी का रहने वाला था जो कि बरेली के कर्मचारी नगर में रहता था, जो पेशे से एक इण्टर कालेज में अध्यापक था जिसकी मैंने अनिल फौजी व उसकी लड़की विनीता के कहने पर बरेली में अपने साथी पप्पू, भोला, अंकित, प्रदीप के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी और उसका शव बरेली से अंकित की गाड़ी से लाकर अपने साथियों के साथ मिलकर थाना नारखी क्षेत्र में ही जलाकर दबा दिया है। गहनता से और पूछताछ की गयी तो बताया कि उसके शव को रामदास पुत्र जौहरीलाल धीमर के जुते हुए खेत में गढ्ढा खोदकर दबाया है, जिसको मैं चलकर बरामद करा दूँगा।

गिरफ्तार अभियुक्त शेर सिहं उर्फ चीकू की निशादेही पर आज दिनांक 26.10.2020 को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में व क्षेत्राधिकारी टूण्डला के पर्यवेक्षण में थाना नारखी व एसओजी फिरोजाबाद द्वारा तहसीलदार / मजिस्ट्रेट सदर श्री विवेक भदौरिया की मौजूदगी में अभियुक्त को साथ ले जाकर शव को गाँव वालों की मदद से रामदास के जुते हुए खेत से बाहर निकाला गया जो जीणक्षीण व जली हुयी हालत में अधजले कपड़ों के साथ मिला है जिसको मौके पर मौजूद मृतक की माँ श्रीमती अन्नपूर्णा द्वारा पहचाना भी गया है। जिसकी नियमानुसार कार्यवाही मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गयी व अभियुक्त शेर सिहं उर्फ चीकू द्वारा किये गये जघन्य हत्याकाण्ड व चोरी के मुकदमे में जेल भेजा गया व घटना में संलिप्त अन्य साथियों की तलाश जारी है।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-

1. शेर सिहं उर्फ चीकू पुत्र महीपाल सिहं नि0 नारखी धोकल थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

**चोरी के अभियोग में फरार अभियुक्तः--**

1. रानू पण्डित पुत्र राकेश नि0 नारखी जनपद फिरोजाबाद।
2. सुरेश उर्फ मक्खन पुत्र भरत सिहं नि0 असन थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3. जौनी पुत्र हितेन्द्र उर्फ पप्पू नि0 असन थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

**हत्या के अभियोग में फरार अभियुक्तः-**

1. अनिल फौजी पुत्र कंचनपाल जादौन नि0 खेरिया खुर्द थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
2. प्रदीप पुत्र अनिल फौजी नि0 खेरिया खुर्द थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3. विनीता पुत्री अनिल फौजी पत्नी मृतक अवधेश सिहं नि0 खेरिया खुर्द थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
4. ज्योती पुत्र अनिल फौजी नि0 खेरिया खुर्द थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
5. भोला पुत्र अशोक गुप्ता नि0 नारखी धोकल थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
6. पप्पू जाटव पुत्र नामालूम नि0 छोटी रानी थाना सकरौली जनपद एटा।
7. अंकित नाम पता अज्ञात।

**चोरी के अभियोग में बरामदगीः-**

1- 04 जोडी पायल - सफेद धातु
2- 05 जोडी बिछिया - सफेद धातु
3- 02 जोडी कानों के टॉप्स - पीली धातु

## हिस्ट्रीशीटर 30ए शेर सिंह उर्फ चीकू पुत्र महीपाल सिंह का आपराधिक इतिहासः-

| क्र0स0 | मु0अ0स0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 156/1997 | 457/380/411 भादवि | नारखी | फिरोजाबाद |
| 2. | 145/2007 | 457/380 भादवि | नारखी | फिरोजाबाद |
| 3. | 212/2007 | 323/324/506 भादवि | नारखी | फिरोजाबाद |
| 4. | 207/2008 | 394/323/353 भादवि | नारखी | फिरोजाबाद |
| 5. | 399/2010 | 395/332/353/412/436/504 भादवि | नारखी | फिरोजाबाद |
| 6. | 161/2013 | 3 यूपी गुण्डा एक्ट | नारखी | फिरोजाबाद |
| 7. | 302/2013 | 2/3 गेंग्स्टर एक्ट | नारखी | फिरोजाबाद |
| 8. | 33/2014 | 2/3 गैंग्स्टर एक्ट | नारखी | फिरोजाबाद |
| 9. | 1018/2015 | 452/323/506 भादवि | नारखी | फिरोजाबाद |
| 10. | 78/2017 | 3 यूपी गुण्डा एक्ट | नारखी | फिरोजाबाद |
| 11. | 392/2017 | 18/20 एनडीपीएस एक्ट | नारखी | फिरोजाबाद |
| 12. | 206/2018 | 147/148/149/307/332/353/336/427 भादवि 7 क्रिमिनल लॉ एक्ट | नारखी | फिरोजाबाद |
| 13. | 417/2019 | 457/380/411 भादवि | नारखी | फिरोजाबाद |
| 14. | 902/2020 | 147/302/201 भादवि | इज्जतनगर | बरेली |

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. निरीक्षक श्री लोकेन्द्र सिहं - प्रभारी मीडिया सैल फिरोजाबाद ।
2. थानाध्यक्ष नारखी श्री विनोद कुमार मय फोर्स
3. एस.ओ.जी.प्रभारी श्री कुलदीप सिहं
4. उ0नि0 राघवेन्द्र सिहं - थाना नारखी
5. उ0नि0 गौरीशंकर पटेल - थाना नारखी
6. का0 510 मोरध्वज - थाना नारखी।
7. का0 406 आशीष शुक्ला, 8.का0 812 राहुल यादव 9.का0 1192 नदीम खाँ 10.का0 1031 रवीन्द्र कुमार, 11.का0 1337 मुकेश कुमार 12.का0 821 अनिल कुमार 13.का0 118 रघुराज सिहं - एस.ओ.जी फिरोजाबाद।